

















**ग्वालियर में ओलावृष्टि**

# कोई ले रहा था मौसम का मजा तो कोई दिखा चिंतित

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 4 अप्रैल।** ग्वालियर में हुई इस ऐतिहासिक ओलावृष्टि के बाद जब स्थानीय लोगों से बात की, तो शहर और गांव के बीच दो अलग-अलग भावनाएं देखने को मिलीं। स्थानीय निवासियों और किसानों ने इसे अंचल पर नई आफत बताया। शहरी क्षेत्र के निवासियों, विशेषकर युवाओं के लिए यह नजारा किसी हिल स्टेशन से कम नहीं था। जहां एक तरफ शहर लुत्फ उठा रहा था, वहीं ग्रामीण अंचल के किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ दिखीं। सड़कों पर खड़े वाहनों और खुले में रखे सामान को लेकर भी लोग परेशान दिखे। तो कई किसानों की आंखों में आंसू भी थे।

**मौसम विभाग ने बताया :** पहली ओलावृष्टि दोपहर 3:50 से 15 मिनट तक हुई ओलों का आकार लगभग 2.5 सेंटीमीटर डायमीटर था। इसके बाद तेज आंधी व बारिश हुई। मौसम विभाग ने हवा की रफ्तार 60 किमी प्रति घंटे की गति की बताई। दूसरी बार 10 मिनट तक 1.5 सेंटीमीटर व्यास के आकार में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। मौसम विभाग ने आगामी कुछ घंटों के लिए सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है।

**लोगों ने कहा...**

मैंने ग्वालियर में पहली बार इतने बड़े ओले गिरते देखे हैं। 15 मिनट के अंदर पूरी सड़क सफेद हो गई। ऐसा लग रहा था जैसे हम कश्मीर या गुलमर्ग में हों। हमने दोस्तों के साथ खूब फोटो और वीडियो बनाए।

**आदर्श , छात्र**

दोपहर में इतनी गर्मी थी कि कूलर भी काम नहीं कर रहे थे, लेकिन इस ओलावृष्टि ने अचानक मौसम बदल दिया। ओले इतने बड़े थे कि खिड़कियों के कांच टूटने का डर लग रहा था।

**दीप्ति**
**गृहिणी, सिटी सेंटर**

ओले इतने बड़े और तेज थे कि मेरी कार की बॉडी पर छोटे-छोटे डेंट पड़ गए हैं। ओलों से बचने के लिए मेरे स्टाफ ने गाड़ियों को पेड़ों और टीन शेड के नीचे खड़ा करने की कोशिश की।

**यश उप्पल,**
**वाहन विक्रेता**

'शहर वालों के लिए यह बर्फ की चादर हो सकती है, लेकिन हमारे लिए यह बर्बादी है। खेतों में कटी रखी फसल और खलिहानों में पड़े अनाज को इस ओलावृष्टि और बारिश ने भारी नुकसान पहुँचाया है। सरकार को जल्द सर्वे कर मुआवजे की घोषणा करनी चाहिए।

**प्रेम नारायण कुशवाह**
**किसान**

## ओलावृष्टि से बाड़े पर घड़ी टूटी, सड़कों पर पेड़ बिछे, बिजली की लाइनें ध्वस्त

तेज बारिश, आंधी और ओलो से शहर के ह्रदयस्थल महाराज बाड़े स्थित विक्टोरिया मार्केट की घड़ी भी नहीं बच पाई। घड़ी के कांच टूट गए हैं और घड़ी भी बंद हो गई है। कई जगह पेड़ गिरने एवं बिजली गुल होने की सूचना है। सड़कों पर पेड़ और बिजली के तार टूटे पड़े हुए हैं। एक बड़े निजी अस्पताल की दीवार भी ढह गई। मौसम विभाग के मुताबिक ग्वालियर में 3 .50 से 4 .05 तक लगभग 2 .5 सेंटीमीटर व्यास के ओले गिरे हैं। दूसरी बार 10 मिनट तक 1 .5 सेंटीमीटर व्यास के आकार में ओलावृष्टि हुई। ग्वालियर शहर में पिछले साठ साल में पहली बार ऐसी ओलावृष्टि हुई है।

# हजीरा पर जन सहयोग से लगी प्याऊ को तोड़ा





**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 4 अप्रैल।** जन सहयोग जन कल्याण बहुउद्देशीय समिति ग्वालियर के द्वारा प्रतिवर्ष की तरह हजीरा मुख्य चौराहे पर लगाई गई प्याऊ को अज्ञात लोगों के द्वारा लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है। अध्यक्ष उमेश सिंह राजावत और सचिव शशि सिंह ने बताया कि विगत दो दिन पूर्व प्याऊ पर लगे बोर्ड को तोड़ दिया गया तथा प्याऊ पर ऊपर लगी तिरपाल को भी चोरी कर लिया गया और प्याऊ में लगे ताले पर एमशील लगाकर ताले को खराब कर दिया गया। इस बाबत हजीरा थाने में लिखित आवेदन दिया गया और प्याऊ पर दूसरे ताले को लगा दिया गया लेकिन 3 अप्रैल को रात्रि में एक बार फिर से प्याऊ में लगे ताले में एमशील भर दिया गया जिसकी शिकायत एक बार फिर थाने में की गई। थाना प्रभारी के द्वारा दीवान को भेज कर मौका मुआयना कराया गया दीवान ने यथा स्थिति को देखकर हजीरा चौराहे पर लगे कैमरे को देखने की बात कही। कैमरे देखने के लिए समिति के पदाधिकारी दीवान के साथ एसपी ऑफिस और फिर स्मार्ट सिटी ऑफिस गए लेकिन हजीरा चौराहे पर लगे कैमरे बंद पाए गए। समिति के सभी पदाधिकारियों ने पूरी घटना से एक बार थाना प्रभारी हजीरा को फिर से अवगत कराया है और मांग की है कि हजीरा चौराहे पर जन सामान्य के लिए लगी प्याऊ को बार-बार नुकसान पहुंचाया जा रहा है ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए और यदि कार्रवाई नहीं होती है तो समिति सभी पदाधिकारी और आम जनमानस के द्वारा हजीरा चौराहे पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा ।

# जानलेवा हमला करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 4 अप्रैल।** पुरानी रंजिश के चलते जानलेवा फायरिंग करने वाले एक शातिर आरोपी को थाना ग्वालियर पुलिस ने सेवानगर क्षेत्र से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त वाहन और हथियार भी बरामद कर लिया है। 29 मार्च को गोसपुरा निवासी आयुष खटीक पर आधा दर्जन आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से फायरिंग की थी। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी ग्वालियर, निरीक्षक प्रशांत शर्मा और उनकी टीम ने सेवानगर कब्रिस्तान के पास घेराबंदी कर आरोपी राहुल राजपूत (25 वर्ष) निवासी गदाईपुरा को दबोचा। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात करना स्वीकार किया है। आरोपी की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल एक्टिवा और एक 315 बोर का देशी कट्टा बरामद किया गया है। पुलिस ने मामले में रानू सिकरवार और छोटू गुर्जर का नाम भी आरोपी के रूप में शामिल किया है। अब आरोपियों पर बीएनएस और एससी/एसटी एक्ट के साथ आर्म्स एक्ट की धाराएं भी लगाई गई हैं। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## चित्रकूट से नाबालिग बरामद

**ग्वालियर।** शताब्दीपुरम क्षेत्र से गायब हुई 15 वर्षीय नाबालिग बालिका को उत्तर प्रदेश के चित्रकूट से महाराजपुरा पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। 1 अप्रैल को फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिग पुत्री बिना बताए घर से कहीं चली गई है। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से बालिका की लोकेशन चित्रकूट में ट्रैक की। पुलिस ने चित्रकूट के कर्वी कोतवाली क्षेत्र से बालिका को बरामद कर लिया। मेडिकल परीक्षण और पूछताछ के बाद बालिका को फिलहाल वन स्टॉप सेंटर भेजा गया है।

## आज मनेगी बाबू जगजीवन राम की 119वीं जयंती




**ग्वालियर 4 अप्रैल।** भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की 119 वीं जयंती आज 5 अप्रैल रविवार को प्रातः 10 बजे भारतीय दलित वर्ग संघ, निर्भय भवन, ग्वालियर के तत्वाधान में बाबू जगजीवन राम प्रतिमा स्थल समता पार्क, फूलबाग, ग्वालियर पर सामाजिक स्तर पर मनाई जा रही है जिसमें विभिन्न राजनैतिक, सामाजिक, समतावादी संगठनों के प्रतिनिधि पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। भारतीय दलित वर्ग संग के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर मण्डेलिया निर्भय भवन पड़ाव ने जानकारी देते हुए बताया कि दलितों, शोषितों, पीड़ितों के मसीहा, भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की 119 वीं जयंती प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मनाई जा रही है।

# लायंस इंटरनेशनल क्षेत्रीय सम्मेलन एवं अवार्ड नाइट आज

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 4 अप्रैल।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233ई-1 के अंतर्गत रीजन-3 का भव्य वार्षिक सम्मेलन 'उद्भव' आज , 5 अप्रैल को ग्वालियर में आयोजित होने जा रहा है। इस कार्यक्रम की मेजबानी लायंस क्लब ग्वालियर कॉस्मिक द्वारा की जा रही है।

यह सम्मेलन मेला ग्राउंड के पास, गोले का मंदिर रोड स्थित 'द ग्रैंड कैसल' में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुधीर बाजपेयी और रीजन चेयरमैन शशि बी. सिंघल मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। उद्भव के दौरान वर्ष भर उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले लायन सदस्यों और क्लबों को 'अवार्ड नाइट' में सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए कॉन्फ्रेंस डायरेक्टर मानव मेहरा, रीजन सेक्रेटरी आशीष



सिंघल और होस्ट प्रेसिडेंट नीलेश गर्ग सहित पूरी टीम तैयारियों में जुटी है।

लायंस क्लब ग्वालियर मीडिया प्रभारी ज्योति अग्रवाल ने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य 'सेवा के माध्यम से एकता के संकल्प को और अधिक मजबूत करना है। कार्यक्रम में रीजन-3 के विभिन्न क्लबों के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

## ओलावृष्टि पर प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को दिए निगरानी के निर्देश

**ग्वालियर।** जिले में हुई बारिश और ओलावृष्टि को लेकर प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दूरभाष पर चर्चा कलेक्टर रुचिका चौहान, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय एवं जिला पंचायत सीईओ सोजान सिंह रावत से बात करते हुए निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी लगातार स्थिति की निगरानी करें और जहां आवश्यकता हो, वहां तत्काल आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

# बालाजी धाम, गोलपाड़ा में उमड़ा उत्साह

**पांच दिवसीय हनुमत जन्मोत्सव का समापन : समाज में सकारात्मकता फैलाने के लिए कलम के सिपाहियों को सराहा गया**





**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 4 अप्रैल।** वर्तमान कठिन दौर में समाज को नकारात्मकता से उबारने और धर्म की ध्वजा फहराने का दायित्व पत्रकारों का है। पत्रकार समाज के सजग प्रहरी हैं और उन्हें भगवान शिव की 'तीसरी आंख' माना जाता है, क्योंकि वे उन पहलुओं को देख लेते हैं जो आम नजरों से ओझल रह जाते हैं। आज भ्रष्टाचार और गलत कार्य करने वाले लोग केवल पत्रकारों के खौफ से ही डरते हैं। यह विचार गोलपाड़ा स्थित बालाजी धाम संकट मोचन मंदिर में आयोजित 'पत्रकार सम्मान समारोह' के दौरान मुख्य अतिथि और मार्गदर्शक महेश मुदगल ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इस सम्मान से पत्रकारों का मनोबल बढ़ेगा और वे नई ऊर्जा के साथ सत्य की राह पर चलेंगे।

मंदिर के चरणसेवक जगवीर दास ने बताया कि हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी भव्य आयोजन किए गए। 31 मार्च को अखंड रामायण पाठ से शुरू हुआ सिलसिला 1 अप्रैल को संपन्न हुआ। इसके बाद 2 अप्रैल को राम-हनुमान रथ यात्रा निकाली गई और शुक्रवार को पंडित पियूष शास्त्री के सानिध्य में विश्व शांति के लिए हवन-यज्ञ संपन्न हुआ। इसी कड़ी में आज देश के 'चौथे स्तंभ' का सम्मान कर मंदिर प्रबंधन ने गौरव का अनुभव किया।

इस दौरान अचलेश्वर ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष हरिदास अग्रवाल, समाजसेवी जयराम यादव, व्यवसायी केके अग्रवाल, भाजपा नेता महेंद्र सिंह सेंगर, किशन सिंह तोमर और सुनील चौहान (लाल पैथोलॉजी) विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन दीपक श्रीवास्तव ने किया और आभार केके अग्रवाल ने जताया। समारोह में शहर के प्रमुख प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों को सम्मानित किया गया.



# अवैध हथियार के साथ नाबालिग हिरासत में

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 4 अप्रैल।** क्राइम ब्रांच ने एक बाल अपचारी को अवैध हथियार सहित पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की नियत से अजाक्स कार्यालय के पास खड़ा था। क्राइम ब्रांच टीम ने घेराबंदी कर संदिग्ध नाबालिग को पकड़ा। तलाशी के दौरान नाबालिग के कब्जे से एक 315 बोर का देशी कट्टा और एक जिंदा राउंड बरामद किया गया है। आरोपी अजाक्स कार्यालय के सामने, थाटीपुर स्थित खंडर सरकारी आवास के पास संदिग्ध अवस्था में खड़ा था। थाना थाटीपुर में धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी क्राइम ब्रांच निरीक्षक अमित शर्मा और उनकी टीम की मुख्य भूमिका रही।

**क्राइम ब्रांच की कार्रवाई**

## तीन बदमाशों ने किराना दुकान में की तोड़-फोड़ वीडियो वायरल जनकगंज थाना क्षेत्र का मामला

**ग्वालियर।** जनकगंज थाना क्षेत्र के माधव नगर नई सब्जी मंडी के पास एक किराना दुकान में तोड़-फोड़ का वीडियो वायरल हुआ है। इसमें तीन लड़के एक किराना दुकान पर डंडे लेकर पहुंचते हैं और बिना किसी बात के काउंटर पर रखे सामान की तोड़-फोड़ कर देते हैं। युवकों द्वारा पत्थरबाजी की घटना भी किए जाने की बात सामने आ रही है। हमले में दुकानदार घायल हुआ है और दुकान में रखा सामान तोड़े जाने से बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि एक युवक दुकान पर खड़ा होकर सामान ले रहा है। तभी वहां तीन लड़के हाथ में डंडे लेकर दौड़ते हुए पहुंचते हैं और दुकान के काउंटर पर रखे सामान को तोड़ देते हैं। हमलावर युवक यह भी नहीं देखते कि दुकान पर ग्राहक खड़े हैं तो उनको चोट लग सकती है। दुकान में तोड़-फोड़ करने के बाद पत्थर फेंकते हैं और वहां से भाग जाते हैं। बताया गया है कि हमले में दुकानदार को गंभीर चोट आई हैं।

# ग्वालियर में रिश्तेदार के यहाँ आ रहे लोगों की कार खंती में गिरी,4 घायल 1 की मौत

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 4 अप्रैल।** उत्तर प्रदेश के बछरावां में रहने बाला एक परिवार अपनी कार से ग्वालियर में रहने वाले एक रिश्तेदार के यहां आयोजित होने वाले समारोह में शामिल होने आ रहा रास्ते मे ही परिवार हादसे का शिकार हो गया। वह ग्वालियर में रिश्तेदार के वहां पहुंचते उससे पहले गुना में सड़क हादसा हो गया। हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**दर्शन कर ग्वालियर आ रहा था परिवार:** उत्तर प्रदेश के बछरावां (जिला रायबरेली) निवासी अग्रवाल परिवार उज्जैन में महाकाल और ओमकारेश्वर महादेव के दर्शन करने आया था। दर्शन के बाद सभी लोग ग्वालियर में अपने रिश्तेदार के यहां आयोजित कीर्तन में सम्मिलित होने के लिए आ रहे थे। ग्वालियर में कीर्तन के बाद अगले दिन उन्हें अपने पैतृक गांव वापस जाना था। शनिवार को जब उनकी कार गुना बायपास से गुजर रही थी, तभी अचानक हादसा हो गया।

**आंखों के सामने छा गया अंधेरा और पलट गई गाड़ी:** घायल लोकेश ने बताया कि गाड़ी उनके भाई चला रहे थे। रास्ते में अचानक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और सीधे 40 फीट नीचे खंती में गिर गई। लोकेश के अनुसार, हादसे के वक्त पल भर के लिए आंखों के सामने अंधेरा छा गया और जब तक कुछ समझ पाते, गाड़ी पलट चुकी थी। इस दुर्घटना में अनीता अग्रवाल का निधन हो गया। जबकि गोपाल अग्रवाल, गिरधर अग्रवाल, शिवान्य अग्रवाल, कृषिवी अग्रवाल और उनके पड़ोसी लोकेश द्विवेदी घायल हो गए।